# प्रैक्टिस सेट-1

1. निम्नलिखित विचारकों में से किसने वैज्ञानिक सत्य के मापन के रूप में मिथ्यापनीयता (Falsafiability) की कसौटी को प्रस्तावित किया–
   (a) लेवी–स्ट्रॉस (b) मैक्स वेबर
   (c) कार्ल पॉपर (d) कार्ल मार्क्स

2. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

   **सूची–I**
   (A) राज्य का अस्तित्व जीवन की निजी आवश्यकताओं के लिए है और इसकी निरन्तरता सद्जीवन के लिए है
   (B) अधिकार समाजिक जीवन की वे दशाएं हैं, जिसके बिना कोई व्यक्ति सामान्यतया स्वयं अपनी सर्वोत्तम स्थिति में होने का प्रयास नहीं कर सकता
   (C) अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख
   (D) प्रत्येक से उसकी क्षमता के अनुसार और प्रत्येक को उसकी आवश्यकता के अनुसार

   **सूची–II**
   1. हैरॉल्ड लास्की 2. बेन्थम
   3. अरस्तू 4. मार्क्स

   **कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

3. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| **सूची–I (उपागम)** | **सूची–II (विद्वान)** |
|---|---|
| (A) नव संस्थावाद | 1. माइकेल वाल्जर |
| (B) नव उदारवाद | 2. डेविड ऐप्टर |
| (C) समुदायवाद | 3. मिल्टन फ्रीडमैन |
| (D) व्यवहारवाद | 4. डगलस नॉर्थ |

   **कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

4. अरस्तू के अनुसार, राज्य पर शासन करने वाले राजमर्मज्ञ में निम्नलिखित गुणों में से कौनसा एक गुण अपेक्षित है
   (a) तर्कबुद्धि (Reason)
   (b) ज्ञान (Knowledge)
   (c) दूरदर्शिता (Prudence)
   (d) सम्पत्ति (Wealth)

5. सामाजिक संविदा के सभी सिद्धान्तकारों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही है
   (a) विधि एवं नैतिकता के बीच भेद मिटाना
   (b) शक्ति –पृथक्करण का सिद्धान्त
   (c) सामाजिक सहमति के साथ लोक सत्ता का निर्माण
   (d) अन्तर्जात अधिकारों में विश्वास

6. अनुदारवाद के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसे सही हैं
   1. समाज एक ऐसी उपलब्धि है, जो अपनी सभी अपूर्णताओं के बाद भी प्राकृतिक अवस्था की अपेक्षा वरीय है
   2. व्यक्ति ऐतिहासिक एवं सामाजिक परिस्थितियों की उपज हैं
   3. व्यक्ति की पहचान परिभाषित करने में प्रथाओं एवं मूल्यों की एक महत्वपूर्ण भूमिका है
   4. शक्ति पद धारण करने वाले व्यक्तियों में निहित न होकर पद में निहित होनी चाहिए।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 3 और 4
   (d) 1, 2, 3 और 4

7. निम्नलिखित में से किसने 'शक्ति-अभिजन' (Power elite) पद की रचना की है

(a) रॉबर्ट डह्ल (b) सी राइट मिल्स
(c) कार्ल मार्क्स (d) वी परेटो

8. अवधारणाओं के निम्नलिखित चार समुच्चयों में से किनके बीच एन्टोनियो ग्राम्स्की एक मजबत सम्बन्ध स्थापित करता है
(a) विचारधारा–नेतृत्व–प्रभुत्व–धर्म
(b) विचारधारा–नेतृत्व–युक्तियुद्ध–प्रभुत्व
(c) विचारधरा–नेतृत्व–प्रभुत्व–निष्क्रिय क्रान्ति
(d) विचारधारा–नेतृत्व–प्रभुत्व–बुद्धिजीवी

9. विश्व नागरिकता की संकल्पना के द्वारा निम्नलिखित में से कौनसा एक सुझाव दिया गया है
(a) सभी व्यक्तियों के लिए समान अधिकार
(b) सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार
(c) सभी के लिए सामान्य अधिकारों के साथ अल्पसंख्यकों के लिए कुछ विशेष अधिकार
(d) विश्व में एकल नागरिकता

10. नृजातीयता एवं राष्ट्रवाद के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है
(a) दोनों अपने सदस्यों के बीच साझे बन्धनों की तलाश करते हैं
(b) दोनों हम और वे में विभेद करते हैं
(c) आज विद्वान् इस बात पर एकमत हैं कि दोनों कल्पित सम्बन्ध हैं
(d) जबकि राष्ट्रवाद राष्ट्र–राज्य की ओर उन्मुख है, नृजातीयता अपनी पृथक् पहचान की मान्यता की तलाश करती है

11. सूची–I को सूची–II के साथ सही सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (A) प्राकृतिक अधिकार | 1. इम्मैनुअल काण्ट |
| (B) विधिक अधिकार | 2. जेरेमी बेन्थम |
| (C) नैतिक अधिकार | 3. विल किम्लिका |
| (D) सांस्कृतिक अधिकार | 4. एच. एल. ए. हार्ट |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

12. निम्नलिखित राजनीतिक दार्शनिकों में से कौन सकारात्मक स्वतन्त्रता का पक्षधर है
(a) इसाया बर्लिन
(b) आइरिस मैरियन यंग
(c) जॉन स्टुअर्ट मिल (d) टी. एच. ग्रीन

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
जॉन रॉल्स अपने न्याय सम्बन्धी सिद्धान्त में
1. राजनीतिक बाध्यता की उदारवादी संकल्पना का सामाजिक न्याय की पुनर्वितरणात्मक संकल्पना से समाधान स्थापित करता है।
2. क्या शुभ और वांछनीय है, इसके निर्धारण के लिए उपयोगितावादी सिद्धान्त की अभिपुष्टि करता है।
3. न्याय सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक संविदा के उपकरण का प्रयोग करता है।
4. यह मानता है कि पुनर्वितरण का सरोकार वैयक्तिक स्वतंत्रता को पराभूत करता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन–से सही हैं
(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2 और 4

14. नवीन दक्षिणपन्थ सामाजिक न्याय के सिद्धान्त को अस्वीकृत करता है, क्योंकि यह–
1. स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।
2. प्रतिभा का विरोध करता है।
3. दक्षता में सहायक नहीं है।
4. विभिन्न मांगों और आवश्यकताओं का सम्मान नहीं करता है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–
**कूट :**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

15. रॉल्स के अनुसार, निम्नलिखित में से किस सामाजिक प्राथमिक शुभ–समुच्चय का सभी मनुष्यों द्वारा अनुसरण किया जाना सम्भावनीय है
(a) आय और सम्पत्ति, अवसर एवं शक्तियां, अधिकार एवं स्वतंत्रताएं और आत्म–सम्मान के सामाजिक आधार
(b) आय और सम्पत्ति, अवसर एवं शक्तियां, स्वास्थ्य एवं बुद्धि और आत्मसम्मान के सामाजिक आधार

(c) अधिकार और स्वतंत्रताएं, आय और सम्पत्ति, स्वास्थ्य एवं बुद्धि और आत्मसम्मान के सामाजिक आधार
(d) आय और सम्पत्ति, स्वास्थ्य और कल्पना, अवसर एवं शक्तियां और आत्म-सम्मान के सामाजिक आधार

16. सार्वजनिक संस्थाएं, लोकतांत्रिक सहभागिता के विस्तार का सामना नहीं कर पा रहीं जिससे राजनैतिक ह्रास हो रहा है, निम्नलिखित में से कौन एक विद्वान् इस प्रकार के परिणाम की ओर ध्यान दिलाता है
(a) रजनी कोठारी (b) सैमुअल हंटिंगटन
(c) रॉबर्ट डह्ल (d) डेविड हेल्ड

17. सूची-I को सूची-II के साथ सही सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I (न्याय का विचार) | सूची-II (विचारक) |
|---|---|
| (A) एक-जैसों से समान व्यवहार | 1. रॉल्स |
| (B) निष्पक्ष व्यवहार | 2. अरस्तू |
| (C) शुद्ध एकीकृत संतुष्टि | 3. थ्रेसीमेकस |
| (D) बलवान का हित | 4. बेन्थम |
| | 5. नॉजिक |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 5 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

18. सूची-I को सूची-II के साथ सही सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

**सूची-I (सभ्य समाज की संकल्पना)**
(A) सांस्कृतिक राजनीति की रंगभूमि के रूप में सभ्य समाज
(B) नागरिक संघों की रंगभूमि के रूप में सभ्य समाज
(C) परिवार और राज्य के मध्यवर्ती क्षेत्र के रूप में सभ्य समाज
(D) राज्य और चर्च से स्वतंत्र लोकमत के उद्गम के स्थान के रूप में सभ्य समाज

**सूची-II (विचारक)**
1. हीगल 2. डी. टॉकविल
3. ग्राम्स्की 4. जार्गन हैबरमास

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. हिन्द स्वराज में महात्मा गांधी व्यक्ति और साथ ही समाज के लिए भी, सद्जीवन की संकल्पना निरूपित करते हैं।
2. हिन्द स्वराज भारत में औपनिवेशिक राज के विरुद्ध गांधी के एक लम्बे संघर्ष के अनुभव का परिणाम था।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं

**कूट :**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित में से किसने यह तर्क दिया है कि सभ्यताओं की त्रुटिपूर्ण रेखाएं 21वीं शताब्दी में द्वन्द्व (Conflict) की जन्म-स्थलियाँ हैं
(a) फ्रांसिस फुकुयामा (b) सैमुअल हंटिंगटन
(c) हेनरी किसिंजर (d) संजय सुब्रमनियम

21. मार्क्सवाद के निम्नलिखित गौरव ग्रन्थों पर विचार कीजिए-
1. द जर्मन आइडियोलॉजी (मार्क्स और एन्जेल्स)
2. द पेरिस कम्यून (मार्क्स)
3. द क्रिटिक ऑफ द गोथा प्रोग्राम (मार्क्स)
4. स्टेट एण्ड रिवोल्यूशन (लेनिन)

उपर्युक्त में से कौनसे प्रत्यक्ष लोकतन्त्र के प्रबल समर्थक हैं-

**कूट :**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2,3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) केवल 1,2 और 4

22. निम्नलिखित में से किसके चिन्तन में सविनय अवज्ञा (Disobedience) की अवधारणा केन्द्रस्थ नहीं है